nt>

Title: Need to de-control the rates of Kerosene oil under PDS.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : अध्यक्ष महोदय, केरोसिन तेल का जो वितरण देश में होता है, वह दो तरह से किया जाता है। एक तो ओपन मार्केट में मिलता है और दूसरे बिलो पॉवर्टी लाइन के जो लोग आते हैं, उनको जन वितरण प्रणाली द्वारा केरोसिन तेल वितरित किया जाता है। लेकिन कठिनाई यह है कि जिन लोगों को जन वितरण प्रणाली की दुकानों से मिलना चाहिए, उनको जन वितरण प्रणाली की दुकानों से समय पर नहीं मिलता है। इन दुकानों में आने के दो-तीन महीनों के बाद यह केरोसिन तेल ब्लैक मार्केट में चला जाता है। मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि चीनी पर नियंत्रण इसी तरह से पहले था जिसे हटा लिया गया और समस्या खत्म हो गई। इसी तरह से केरोसिन तेल से भी नियंत्रण समाप्त कर दिया जाए तो कोई समस्या नहीं रहेगी। चोरबाजारी लोग नहीं करेंगे और सरकार इस पर नियंत्रण समाप्त करे, यही हमारी मांग है।